# अंगोला गणराज्य के राष्ट्रपति,
# महामहिम श्री जोआओ मैनुएल गोंसाल्वेस लोरेंसो
# के सम्मान में आयोजित भोज में

## भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
## का अभिभाषण

**राष्ट्रपति भवन, 3 मई, 2025**

आज भारत की पहली राजकीय यात्रा पर, अंगोला गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम जोआओ मैनुएल गोंसाल्वेस लोरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रपति भवन में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

राष्ट्रपति लोरेंसो भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर आए हैं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि पिछले 4 दशकों में यह हमारे बीच पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। और यह यात्रा ऐसे उपयुक्त समय पर हुई है जब दोनों देश इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

महामहिम, आपकी यात्रा हमारे दीर्घकालिक और घनिष्ठ संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत अंगोला सहित अफ्रीकी देशों के साथ मित्रता का एक विशेष बंधन साझा करता है। दुनिया भर में हमारे anti-colonial प्रयासों के दौरान भारत ने अंगोला के स्वतंत्रता संघर्ष का दृढ़तापूर्वक समर्थन किया था। आधुनिक समय में, हमारे संबंध व्यापक हैं, जिसमें एक जीवंत और मजबूत energy partnership भी शामिल है।

महामहिम,

हमारे दोनों देश आपसी विश्वास और सम्मान के आधार पर साझा मूल्यों और समान विचारों से बंधे हैं। भारत ने 2023 में अपनी अध्यक्षता के दौरान African Union को G20 में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल करने की पहल की थी। हमें खुशी है कि अंगोला ने इस वर्ष African Union की अध्यक्षता संभाली है। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग के और रास्ते खुलेंगे।

मध्य और पश्चिमी अफ्रीकी क्षेत्र में चल रहे संघर्षों में मध्यस्थ के रूप में आपके द्वारा निभाई गई भूमिका की हम सराहना करते हैं। भारत अफ्रीकी महाद्वीप में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद आपके समर्थन और एकजुटता की प्रबल अभिव्यक्ति के लिए भारत सरकार और भारत की जनता की ओर से आपको धन्यवाद। इस घटना ने एक बार फिर दर्शाया है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद और उसे बढ़ावा देने वालों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

महामहिम,

India-Africa Forum जैसी पहलों के माध्यम से हम सभी अफ्रीकी देशों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी और sustainable partnership के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम India Africa Forum Summit के चौथे संस्करण में आपका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।

महामहिम,

हमारे व्यापार वाणिज्य और निवेश संबंध दोनों पक्षों के लिए प्राथमिकता हैं। हम अपने व्यापार और निवेश को और अधिक विस्तारित और विविधतापूर्ण बनाने की

कोशिश कर रहे हैं। Digital technologies, स्वास्थ्य और pharmaceuticals, कृषि और food processing, infrastructure और रक्षा सहयोग के क्षेत्र में विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि आज आपने प्रधानमंत्री जी के साथ इन पहलुओं पर व्यापक चर्चा की है।

महामहिम,

भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरा है और आने वाले दशकों में शीर्ष 3 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बनाएगा। यह हमारे देशों के लिए एक-दूसरे की क्षमताओं का लाभ उठाने और एक मजबूत economic partnership बनाने का अवसर प्रस्तुत करता है।

भारत और अंगोला दोनों ही अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जहाँ आपकी सरकार ने Long Term Development Strategy 'Angola 2050' की शुरुआत की है वहीं हमने 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना की है।

महामहिम,

अंगोला में भारतीय समुदाय ने रोजगार-सृजन सहित आपके देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में बहुमूल्य योगदान दिया है। मैं उनके लिए आपके और अंगोला के लोगों के आतिथ्य और देखभाल की सराहना करती हूँ।

हमारे दोनों देशों के लोग साझा इतिहास और साझा आशाओं तथा आकांक्षाओं से एक साथ जुड़े हैं। हम colonial शासन के खिलाफ़, रानी न्ज़िंगा म्बांदी और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसी महान हस्तियों की वीरता से प्रेरित हुए हैं। कला, नृत्य, Bollywood फ़िल्मों और Yoga के सांस्कृतिक सूत्र दोनों देशों के लोगों को

पास लाते हैं। मुझे आशा है कि आज अंगोला से आए हमारे मित्र भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं के स्वाद का आनंद ले पाएंगे जो अंगोला में भी लोकप्रिय हैं।

महामहिम,

मुझे विश्वास है कि भारत की आपकी राजकीय यात्रा हमारे संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगी, जिससे हमारे दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा। आपकी विकास यात्रा में एक विश्वसनीय partner बनने के लिए और आपकी प्राथमिकता के क्षेत्रों में आपके साथ काम करने के लिए मैं अपनी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त करती हूं। आज हमारे बीच आपकी गरिमामयी उपस्थिति हम सभी को इस खूबसूरत साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।

इन शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिल कर :

- *महामहिम और First Lady के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,*
- *अंगोला के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि, तथा*
- *भारत और अंगोला के बीच मित्रता को हमेशा बनाए रखने के लिए,*

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद!